बिज़नेस स्टैंडर्ड

केनरा एचएसबीसी ओरियंटल का प्लान

केनरा एचएसबीसी ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 'इंश्योर स्मार्ट प्लान' नाम से एक यूनिट-लिंक्ड बीमा उत्पाद पेश करने की घोषणा की। केनरा बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया पैसिफिक) होल्डिंग्स लिमिटेड के बीच स्थापित संयुक्त उद्यम कंपनी का यह प्लान एक एनएवी गारंटी फंड का विकल्प उपलब्ध कराएगा। कंपनी के निदेशक (बिक्री एवं मार्केटिंग) मारियो पेरेज ने कहा, 'इंश्योर स्मार्ट प्लान को ग्राहकों की बचत एवं सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसके अलावा, एनएवी गारंटी फंड ग्राहकों को निवेश पर गारंटी उपलब्ध कराता है।'

भाषा